**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 20 सितम्बर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने खाद्य सुरक्षा प्रणालियों में सुधार के लिए निरंतर सहयोग, नवाचार और प्रतिबद्धताओं पर बल दिया।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओंने जनसभायें कर जनसमर्थन मांगा।

- आजाद समाज पार्टी के प्रमुख एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा पर हो रही अभद्र टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की।

- जींद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी पर्ची पर, मोहर लगाकर मतदान के लिए जागरूक करने कि अनूठी पहल शुरू कि।

****************************************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने खाद्य सुरक्षा प्रणालियों में सुधार के लिए निरंतर सहयोग, नवाचार और प्रतिबद्धताओं पर बल दिया है।आज नई दिल्ली में वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि तेज़ी से हो रहे वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति और बढ़ती उपभोक्ता प्राथमिकताएं खाद्य प्रणालियों को नया रूप दे रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भोजन में कीटनाशकों के अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत, जैविक खेती और वैकल्पिक कीट नियंत्रण विधियों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहा है लेकिन वैश्विक स्तर पर भी ऐसे प्रयासों की जरूरत है।श्री नड्डा ने कहा कि हाल ही में,  आई कई रिपोर्ट से मनुष्यों में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला है जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग विधियां विकसित करने में भारत के प्रयास महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर श्री नड्डा और खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने भारत के खाद्य आयात अस्वीकृति चेतावनी पोर्टल-**एफ आई आर ए** सहित दो डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किए। दोनों मंत्रियों ने दूरदर्शन में बाजरा रेसिपी शो की शुरूआत भी की और छठा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी किया। श्री नड्डा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को पुरस्कार भी प्रदान किये।

*****************************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार, देश में कारगुजारी, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की राजनीति लेकर आई है। नई दिल्ली में मीडिया को अपने मंत्रालय की उपलब्धियां बताते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने **आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना** का विस्तार करने का एक बड़ा निर्णय लिया है, जिसमें 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को शामिल किया जाएगा। श्री नड्डा ने कहा कि इसका उद्देश्य लगभग 4 करोड़, 50 लाख घरों में **छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों** को **पांच लाख रुपये के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा** प्रदान करना है।

*****************************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर है।हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज शाहबाद में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया और बी जे पी प्रत्याशी सुभाष कलसाना को वोट देने की अपील की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर बोलते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि उनके 56 दिन भूपेंद्र हुड्डा के 10 साल पर भारी है। श्री हूडा को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि जो हमारा हिसाब मांगते फिरते हैं उनके खुद के खाते खराब हैं। इसके साथ ही बी जे पी सरकार द्वारा पिछले 10 साल में किए गए कार्यों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।उन्होंने कहा कि कम बरसात होने के कारण किसानों को प्रति एकड़ 2000 रूपये देने का निर्णय उनकी सरकार ने लिया और हरियाणा के अलावा ऐसा कोई राज्य नहीं जहां पर 24 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हों। इस मौके पर बी जे पी के अनेक पदाधिकारी और सांसद नवीन जिंदल भी मौजूद रहे।आज कई कांग्रेस प्रताशियों ने भी चुनावी जनसभायें कि और समर्थन मांगा।

*****************************************************************

अंबाला से प्रत्याशी असीम गोयल ने आज गांव मैतला, जनसुआ, अधोमाजरा, गोबिंदगढ़ और सारंगपुर में जनसभाएं कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। श्री गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में सरकार ने ग्रामीण इलाकों में भी शांतिपूर्ण माहौल स्थापित किया है। जबकि पूर्व की सरकारों में दबंगई का माहौल था।

*****************************************************************

अम्बाला शहर से आम आदमी पार्टी की टिकट के प्रबल दावेदार एवं अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के उप प्रधान सुखजीत सिंह जिम्मी आज अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी को छोड़कर बी जे पी में शामिल हो गए। बी जे पी प्रत्याशी असीम गोयल ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। श्री गोयल ने कहा कि आमजन और विभिन्न

राजनितिज्ञ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों से प्रभावित होकर बी जे पी में आ रहे हैं।

************************************************************************

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने आज फतेहाबाद में जे जे पी-ए एस पी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने बीजेपी और कांग्रेस सरकारों पर कभी जनता से किए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। श्री चौटाला ने कहा कि जे जे पी की गठबंधन सरकार में मात्र 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी लेकिन जे जे पी ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण सहित अपने घोषणा पत्र के करीब 90 प्रतिशत वादों को पूरा किया। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने चौधरी देवीलाल की तरह जनता के बीच जो बातें कही, उन्हें मौका मिलने पर कानूनी रूप देकर पूरा किया है। डॉ अजय सिंह चौटाला ने ग्रामीणों से जे जे पी-ए एस पी उम्मीदवारों को जिताने की अपील भी की।

************************************************************************

आजाद समाज पार्टी के प्रमुख एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा पर हो रही अभद्र टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है और हरियाणा की जनता को कांग्रेस से सचेत रहने का आह्वान किया है।सांसद चंद्रशेखर आजाद आज डबवाली में जेजेपी-एएसपी उम्मीदवार दिग्विजय सिंह चौटाला और रानियां में गठबंधन समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार रणजीत सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि एक महिला नेता पर अभद्र टिप्पणी करना गलत है और ऐसे गंभीर मामले में कांग्रेस आलाकमान की चुप्पी मिलीभगत को दर्शाती है। चंद्रशेखर ने कहा कि जो पार्टी हमारे समाज की एक वरिष्ठ नेता को सम्मान नहीं दे सकती, वो कांग्रेस हमारे समाज के आम लोगों की कैसे परवाह करेगी? उन्होंने कहा कि कुमारी शैलजा कांग्रेस को लंबे समय से मजबूती देती आ रही है लेकिन आज उन्हें ही बार-बार अपमान का सामना करना पड़ रहा है।

************************************************************************

लोकतंत्र के महापर्व में जींद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए अनूठी पहल की है। इसके लिए जिला अस्पताल और सभी प्राथमिक एंव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी पर्ची पर, मतदान जरूर करें, के संदेश की मोहर लगाई गई है और साथ ही अस्पतालों में मतदाता जागरूकता के गीत और धुनें भी चलाई जा रही हैं। जींद के सिविल सर्जन डॉक्टर गोपाल गोयल ने आज जिला अस्पताल से इस पहल की शुरुआत की।

************************************************************************

वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव संयोजक कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आगामी 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार में एक भव्य रैली को संबोधित करेंगे। वह आज हिसार में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित कररहे थे। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। केजरीवाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह स्वयं को हिसार का बेटा मानते हैं तो वह हरियाणा को सतलुज यमुना लिंक नहर से पानी दें। मुख्यमंत्री की दावेदारी पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का एक ही चेहरा है नायब सिंह सैनी है। कि कुमारी शैलजा पर उन्होंने कहा कि वह सम्मानित नेता हैं और कांग्रेस उनके साथ अच्छा नहीं कर रही।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी एवं हिसार जिला के सातों विधानसभा शेत्रों क्र बीजेपी प्रताशियों सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

**********************************************************************

हरियाणा में पोषण माह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बच्चों और गर्भवती महिलाओं में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने, कुपोषण को कम करने व स्वस्थ आहार के महत्व को समझाने के लिए भिवानी जिला के गांव ढ़ाणी रिवासा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों को पोषण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

**********************************************************************

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पलवल जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के नेतृत्व में पलवल एवं हथीन विधानसभा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च आगरा चौक, किठवाड़ी चौक इस्लामाबाद, कैंप पलवल, रतीपुर, दुर्गापुर, भंगुरी, मलोखड़ा, हथीन आदि गांवों में निकाल गया । इस दौरान श्री चंद्र मोहन के नेतृत्व में पुलिस बल ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। आम जन से यह भी अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।